दिन–मंगलवार   दिनांक– 03 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।   अवधिः– 05 मिनट

प्रदेश में मंकी पॉक्स को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। पटना और गया एयरपोर्ट पर विदेश से आने वाले यात्रियों की जांच की जा रही है। इसके लिए एयरपोर्ट हेल्पडेस्क भी बनायी गयी है। अफ्रीका और संक्रमित देशों से आने वाले लोगों की विस्तृत जानकारी एयर पोर्ट पर ली जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री मंडल पांडेय ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति में संक्रमण जैसे लक्षण दिखे तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिये गये फॉर्म में जानकारी भरवाकर उन्हें पटना एयरपोर्ट से ही एनएमसीएच रेफर कर दिया जायेगा। एनएमसीएच में दस बेड की व्यवस्था की गयी है। मंकी पॉक्स के दौरान लोगों को बुखार, सिरदर्द, थकावट, गले में खरास, खांसी और त्वचा पर लाल निशान जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसके अलावा आंखों में दर्द, या धुंधली दृष्टि, सीने में दर्द और सांस लेने में कठिनाई भी इसके अन्य लक्षण है।

———————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने टोल प्लाजा पर निर्बाध आवाजाही बढ़ाने के लिए जीआईएस–आधारित सॉफ्टवेयर पर लाइव निगरानी के लिए लगभग सौ टोल प्लाजा की पहचान की है। इन टोल प्लाजा का चयन राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन नम्बर **एक शून्य तीन तीन** के माध्यम से प्राप्त भीड़भाड़ फीडबैक के आधार पर किया गया है। निगरानी सेवा को चरणबद्ध तरीके से अधिक टोल प्लाजा तक बढ़ाया जाएगा।यदि किसी टोल प्लाजा पर वाहनों की कतार निर्धारित सीमा से अधिक है, तो यह भीड़भाड़ चेतावनी और लेन वितरण अनुशंसा भी प्रदान करेगा।

———————————————————————

प्रदेश भाजपा ने आज से सदस्यता अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत राज्य में एक करोड़ चौवन लाख से अधिक सदस्य बनाने के लिए चार स्तर पर निगरानी टोली बनाई गई है। इसमें पांच सदस्यीय प्रदेश स्तरीय सदस्यता निगरानी टीम के अधीन जिले में चार, मंडल में तीन और शक्ति केन्द्र स्तर पर एक सहयोगी सदस्य को अभियान की निगरानी का दायित्व सौंपा गया है। सदस्यता अभियान की जांच के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे एक व्यक्ति की सदस्यता दो बार नहीं हो सकेगी। इधर, नगर विकास और आवास मंत्री नितिन

नवीन ने कहा है कि सदस्यता अभियान के जरिए समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पार्टी की पहुंच सुनिश्चित करना है।

————————————————————————

वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत अब तक बावन करोड़ से अधिक पौधे लगाये जा चुके हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि यह अभियान मील का पत्थर साबित हुआ है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की थी।

————————————————————————

पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा जारी एक कथित नोटिस के बारे में अफवाहों का खंडन किया है कि वह इस महीने के अंत तक सभी बीमा उत्पादों और संशोधन योजनाओं को वापस लेने जा रही है। नकली नोटिस में दावा किया गया है कि संशोधन से प्रीमियम और पॉलिसी के नियमों और शर्तों में बदलाव आएगा। फैक्ट चेक यूनिट ने कहा कि दावा फर्जी है और बीमा एजेंसी की ओर से ऐसा कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है।

————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधियां कमजोर रही हैं। इस दौरान एक –दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वैशाली के भगवानपुर में सबसे अधिक पच्चीस दशमलव दो मिलीमीट बारिश दर्ज की गयी। वहीं, गोपालगंज जिला प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा जहाँ का अधिकतम तापामन सैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग के पुर्वानुमान में अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर भाग के एक–दो स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।